# वर्षिक रिपोर्ट

## साकार सोसायटी फॉर डिफरेन्टली एबल्ड परसन्स

SUNDER NAGAR, DISTT- MANDI [H.P]

## 2023—24

गाँव डोढवां, तहसील सुन्दरनगर, जिला मण्डी (हि.प्र.)

विभिन्न रूप से सक्षम बच्चों का विषेष स्कूल साकार, सुन्दरनगर, जिला मण्डी (हि.प्र.)



# भूमिका

साकार सोसायटी जिला मण्डी की तहसील सुन्दरनगर के गांव डोढ़वा पंचायत कपाही में विशेष बच्चों को शिक्षा व प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक Day Care स्कूल चलाती है। यह स्कूल 2008 से विशेष बच्चों को शिक्षा व व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है।



## साकार सोसाइटी के मुख्य कार्य

1. शहर के साथ गांव के विशेष बच्चों को स्कूल पहुँचाना और उन्हें षिक्षा व प्रषिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाना।
2. गरीबी रेखा से नीचे परिवार के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करना।
3. विशेष बच्चों के माता–पिता को समय–समय पर परामर्श देना।

## साकार सोसायटी के उद्देश्य

इस संस्था का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों का कल्याण करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। ताकि वह समाज में सामंजस्य स्थापित कर सके।

# साकार विशेष स्कूल

साकार विशेष स्कूल गांव डोढ़वा में स्थित है। इस स्कूल में वर्तमान समय में 60 बच्चे शिक्षा ग्रहण करते है। बच्चों को वाहनों द्वारा घर से स्कूल व स्कूल से घर तक लाया व ले जाया जाता है।

स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के लिए 5 विशेष शिक्षक, 1 व्यावसायिक शिक्षक व 1 फिजियोथेरेपिस्ट हैं। स्कूल में बच्चों की देख–रेख के लिए 2 Peon है।

# कक्षा का वर्गीकरण

- प्री–प्राइमरी
- प्राइमरी– I
- प्राइमरी– II
- सेकेन्डरी
- प्री वोकेशनल– I
- प्री–वाकेशनल– II
- व्यावसायिक प्रषिक्षण
- संरक्षित वर्ग

# साकार स्कूल की अन्य शाखाएं

1. कांगू
2. पधर

## 1. कांगू :–

साकार संस्था ने इस शाखा की नीव 10 जुलाई 2018 को कांगू नामक स्थान, तहसील सुन्दरनगर में रखी थी। इस शाखा में अब तक लगभग 20 बच्चे विशेष शिक्षा ग्रहण करने आते है। इस शाखा में 2 विशेष शिक्षक व एक आया (Peon) है। इस स्कूल में एक वाहन के द्वारा बच्चों को स्कूल लाया व वापिस घर छोड़ा जाता है।

## फिजियोथेरेपरी सेन्टर

साकार संस्था एक फिजियोथेरेपी सेन्टर भी स्कूल में चला रही है। इस सेन्टर में विशेष बच्चों को उनकी आवश्यकता अनुसार थेरेपर दी जाती है।

## स्पीच थेरेपी सेन्टर

साकार संस्था स्कूल में स्पीच थेरेपी के माध्यम से विशेष बच्चों को स्पीच थेरेपी भी उपलब्ध करवा रही है।

## व्यावसायिक चिकित्सा / थेरेपी

साकार संस्था में बच्चों को ऑनलाइन माध्यम से व्यावसायिक चिकित्सा / थेरेपी प्रदान करती है। ऑनलाइन माध्यम से एक व्यावसायिक षिक्षक बच्चों को यह थेरेपी प्रदान करता है।

## शीघ्र हस्तक्षेप

साकार संस्था द्वारा गांव–गांव में जा कर सर्वेक्षण किया जाता है तथा छोटे बच्चों को शीघ्र पहचान करके उन्हें उचित प्रषिक्षण देकर शीघ्र हस्तक्षेप को लागू करती है।

## मनोरंजन कार्य / मनारंजनात्मक कार्य

साकार संस्था विषेष बच्चों को विभिनन प्रकार की मनोरंजनात्मक क्रियाकलाप सिखाता है। जिससे बच्चों की क्षमता के अनुसार क्रियाएं करवाई जाती है। बच्चे विभिन्न अवसरों पर अपनी प्रतिभाएं दिखाते है।

जैसे – 15 अगस्त, 26 जनवरी, दिपावली, वार्षिक समारोह के अवसरों पर इत्यादि।

## यातायात की सुविधा

साकार संस्था विषेष बच्चों को घर से स्कूल व स्कूल से घर तक लाना व वापिस ले जाने के लिए यातायात की सुविधा प्रदान करती है। इसके लिए संस्था 5 वाहनों का इस्तेमाल करती है।




## व्यावसायिक इकाई

साकार संस्था एक व्यावसायिक इकाई भी चलाती है। इस इकाई में एक षिक्षक है वह बड़े बच्चों को (18+) व्यावसायिक प्रषिक्षण प्रदान करता है। इस यूनिट में टोकरी बनाना, कढ़ाई/सिलाई करना, स्वेटर बनाना, कैरी बैग बनाना, पत्तल व टेड़ी बियर इत्यादि बनाना सिखाए जाते हैं। साथ

में मोमबत्ती बनाना, कागज के लिफाफे, अचार बनाना इत्यादि सिखाया जाता है।

## खेल–कूद प्रतियोगिताएं

साकार संस्था के विषेष स्कूल में बच्चों को विभिन्न प्रकार की खेल–कूद गतिविधियाँ करवाई जाती है। स्कूल में बच्चों को बेडमिन्टन, क्रिकेट, वालीबॉल, लम्बी व ऊँची कूद, फ्लोरबॉल, फ्लोर हॉकी, बॉची इत्यादि खेल खेलना सिखाया जाता है।

स्कूल में बच्चों को स्पेषल ओलंपिक्स खेलों में भी भाग लेने के लिए भेजा जाता है।

## हेल्थ व डेन्टल चेकअ

साकार संस्था द्वारा समय–समय पर हेल्थ व डेन्टल चेकअप कैम्प का आयोजन किया जाता है। जिसमें विषेष बच्चों का स्वास्थ्य व दांतों की जाचं की जाती है।

## साकार SHOPEE:–

साकार संस्था द्वारा सुन्दरनगर में एक **"SAKAR SHOPPE"** नाम से एक छोटी सी दुकान चलाई जाती है। इसमें बच्चों द्वारा बनाया गया सामान प्रदर्षित किया जाता है व बेचा जाता है।

**26 अप्रैल 2023 :–** साकार स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हमारी संस्था के मुख्य सरंक्षक ई. श्री अम्बा प्रसाद जी हमारे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे।






**5 जून 2023 :–** साकार स्कूल में सूरज नाम के लड़के को स्पेषल ओलंपिक्स के कई खेलों में जाने के लिए एक प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेष तकनीकी षिक्षा के डायरेक्टर

श्री विवेक चन्देल जी मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने सूरज को कई खेलों में जाने के लिए शुभकामनाएं दी।








**6 जून 2023 से 29 जून 2023 :–** साकार स्कूल के सूरज ने स्पेषल ओलंपिक में कई खेलों में भाग लिया। यह खेल जर्मनी के बर्लिन शहर

में आयोजित की गई थी। सूरज ने स्पेषल ओलंपिक की यूनिफाइड वॉलीबाल गेम में हिस्सा लिया और इस गेम में कांस्य पदक जीता।



**9 जुलाई 2023 :–** साकार संस्था ने अपने कांगू सेन्टर का वार्षिक समारोह स्कूल में मनाया तथा स्पेषल ओलंपिक गेम में कांस्य पदक विजेता सूरज का स्वागत किया।






**6 से 30 अगस्त 2023 :–** स्कूल के चार बच्चों तथा दो कोच ने बिलासपुर में हुए स्पेषल ओलंपिक फ्लोर बॉल गेम के कैंप में भाग लिया।



**19 नवम्बर 2023 :–** साकार सोसाइटी फॉर डिफरेन्टली एबल्ड पर्सन्स को धर्मषाला में स्थित Tong-Len Trust की तरफ से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों (दिव्यांगता के क्षेत्र में) के लिए सम्मानित किया गया।








**30 नवम्बर 2023 :–** स्कूल का पिकनिक टूर बगलामुखी माता मन्दिर गया। यह मन्दिर मण्डी जिला के पन्डोह नामक स्थान पर स्थित है।





**3 दिसम्बर 2023 :–** विष्व विकलांगता (दिव्यांगता) दिवस का कार्यक्रम पै। सुन्दरनगर में आयोजित किया गया। हमारे विषेष बच्चों के इस कार्यक्रम में भाग लिया।









**13 जनवरी 2024 :–** साकार संस्था को Enable India की तरफ से चलाए जा रहे Project Discovery Programme के अंतर्गत Above and Beyond Category में 3rd Prize मिला। यह सम्मान राष्ट्रीय स्तर का सम्मान साकार सोसाइटी को गोवा में हुए Purple Fest में मिला।








**15 जनवरी 2024 :–** भगवान श्री लक्ष्मी नारायण धाम सोसाइटी के सभी सदस्यों ने हमारे स्कूल का भ्रमण किया और स्कूल को आवश्यक वस्तुएं भेंट की।

**26 जनवरी 2024 :–** हमारे विषेष बच्चों ने सुन्दरनगर में आयोजित गणतन्त्र दिवस के कार्यक्रम में भाग लिया तथा एक सुन्दर प्रस्तुति पेष की।









**27 जनवरी से 31 जनवरी 2024 :–** स्कूल की एक बच्ची ने दिल्ली में आयोजित स्पेषल ओलंपिक के नेषनल लेवल कैंप में भाग लिया।

**31 जनवरी 2024 :–** हमारे स्कूल के बच्चों ने जिला स्तरीय क्विज ज्ञान क्विज कोम्पोटिषन फॉर दिव्यांगजन हिमाचल प्रदेष के कार्यक्रम में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में हमारे स्कूल के 2 बच्चों ईषान और सूरज के ग्रुप ने पहला स्थान हासिल किया। यह कार्यक्रम सुन्दरनगर में आयोजित किया गया।




**17 फरवरी 2024 :–** साकार स्कूल के 2 बच्चों ईषान व सूरज ने राज्य स्तरीय क्विज ज्ञान क्विज कोम्पोटिषन फॉर दिव्यांगजन हिमाचल प्रदेष के कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम बिलासपुर में आयोजित किया गया।